प्रेस नोट रामचन्द्र मिशन
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनाँक – 16.05.26

थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित 01 अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं अपराध में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण:-

थाना रामचन्द्र मिशन पर वादिनी श्रीमती पूनम सिंह पत्नी स्व० प्रमोद कुमार, निवासी ग्राम कनेंग, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 91/2026 धारा 108 बीएनएस बनाम 1. वीरेश पुत्र रामनरेश तथा 2. सत्यवती पत्नी रामनरेश, निवासीगण ग्राम सकतिया, थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग में आरोप है कि वादिनी की पुत्री मृतका राधा देवी को उसके पति एवं सास द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था, जिससे परेशान होकर मृतका द्वारा अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के दौरान दिनांक 16.05.2026 को समय करीब 07:10 बजे अभियुक्ता सत्यवती पत्नी रामनरेश, उम्र करीब 60 वर्ष, निवासी ग्राम सकतिया, थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर को उसके मकान से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त:-

सत्यवती पत्नी रामनरेश सर्वनिवासीगण सकतिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 60 वर्ष

पंजीकृत अभियोग:-

मु0अ0सं0 91/26 धारा 108 बीएनएस थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनाँक,समय व स्थान का विवरण:-

दिनांक 16.05.26 को समय करीब 07.10 बजे अभियुक्ता के मस्कन से

आपराधिक इतिहास:-

मु0अ0सं0 91/26 धारा 108 बीएनएस थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 श्री चन्द्र शेखर, थाना रामचन्द्र मिशन , शाहजहाँपुर।
2. रि0का0 संदीप शर्मा थना रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर।
3. रि0म0का0 अदिति कुमारी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर।